**ओ.एस.डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, कैथल**

**जुलाई परीक्षा 2024**

**कक्षा : आठवीं**

**विषय : हिंदी**

**SET-A**

**समय: 1 घंटा 10 मिनट** **M.M. : 30**

**सामान्य निर्देश :-**

1. **सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**
2. **प्रश्नों के उत्तर देते समय उत्तर पुस्तिका में प्रश्नों की क्रम संख्या अवश्य लिखें।**
3. **लिखावट सुंदर लिखें।**

| प्रश्न संख्या | प्रश्न | अंक |
|---|---|---|
| 1 | **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उचित विकल्प चुनकर लिखिए**<br>खेलों का हमारे जीवन में विशेष स्थान है। खेलों का संबंध स्वस्थ तन और मन के साथ होता है। खेलों के लिए स्वस्थ मस्तिष्क और साथ-साथ शारीरिक शक्ति का भी होना अनिवार्य है। मस्तिष्क के विकास के लिए जहाँ एक ओर शिक्षा की आवश्यकता होती है, वहीं दूसरी ओर शारीरिक विकास के लिए खेलकूद की ।खेल हमारे तन और मन दोनों का समुचित विकास करते हैं। खेलने से शरीर में चुस्ती-स्फूर्ति बनी रहती है। शरीर का सुंदर गठन होता है। रक्त का संचार पूरे शरीर में ठीक प्रकार से होने लगता है। व्यक्ति को समय पर भूख लगती है। वह जो कुछ खाता है, वह सब पच जाता है। शरीर की सारी क्रियाएँ ठीक प्रकार से चलने के कारण उसका शरीर रोगों से दूर रहता है। खेलों से व्यक्ति का सर्वांगीण विकास होता है। खेलों से मनुष्य में बलिष्ठ शरीर के साथ-साथ क्षमा, दया, स्वाभिमान, आज्ञा-पालन, अनुशासन जैसे उच्च गुणों का भी समावेश होता चला जाता है। खेल सभी को समरसता का पाठ पढ़ाते हैं। मनुष्य हमेशा स्वस्थ, प्रसन्न तथा सक्रिय बना रहे, यही खेलों का उद्देश्य होता है। भाषा, रंग, जातिभेद की सभी सीमाएँ इन्हीं खेलों के कारण टूटती है और मनुष्य समरसता की भावना हृदय में भरकर लंबा जीवन व्यतीत करता है।<br>**1)खेलों का उद्देश्य क्या है ?**<br>**क)**मनुष्य स्वस्थ व निष्क्रिय बना रहे ख) मनुष्य स्वस्थ, प्रसन्न तथा सक्रिय बना रहे<br>ग) मनुष्य अप्रसन्न व अस्वस्थ बना रहे घ) मनुष्य शिक्षित व प्रसन्न बना रहे<br>2)**खेलों से मनुष्य में किस भावना का विकास होता है ?**<br>क)क्षमा व दया ख) सहयोग ग) क और ख दोनों घ) कोई नहीं'<br>3)**खेलों के कारण कौन सी सीमाएँ टूटती हैं** ?<br>क)समरसता की ख) भाषा ,रंग और जातिभेद की<br>ग) देश की घ) जातियों की<br>4)**मानसिक और शारीरिक विकास के लिए आवश्यकता होती है** ?<br>क)शिक्षा की ख) व्यायाम की ग)खेलों की घ) शिक्षा और खेलों की<br>**5)कथन(A)और®कारण को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए ।**<br>**कथन(A): खेलों से व्यक्ति का सर्वांगीण विकास होता है।**<br>**कारण®: भाषा ,रंग ,जाति भेद की सभी सीमाएँ खेलों के कारण टूटती हैं।**<br>**क)**कथन(A) तथा कारण ®दोनों गलत है।<br>ख) कथन (A) गलत है लेकिन कारण ®सही है। | 5 |

| | | |
|---|---|---|
| | ग) कथन(A) तथा कारण ®दोनों सही है।<br>घ) कथन(A) तथा कारण ® दोनों सही है किंतु कारण ® कथन (A)के सही व्याख्या नहीं करता है | |
| 2 | **क)** निम्न शब्दों के विलोम शब्द लिखिए- **आदर, सदुपयोग**<br>**ख)** 'जंगल' शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखें।<br>**ग)** दिए गए मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए **– अपना उल्लू सीधा करना**<br>**घ) मानवीकरण** अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।<br>**ङ)** दिए गए वाक्य में विराम चिह्न का उचित प्रयोग करें **- रामचरितमानस तुलसीदास जी ने लिखी है।**<br>**च)** दिए गए शब्दों में उचित स्थान पर अनुस्वार या अनुनासिक का प्रयोग कीजिए- **आगन , बधन**<br>**छ)** मूल शब्द और प्रत्यय अलग कीजिए- **सजावट** | 1<br>1<br>1<br>1<br>1<br>1<br>1 |
| 3 | **निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्पका चयन कीजिए-**<br>बड़े घरों के स्वान पालतू ,<br>बाथरूम में पानी की हल्की ठंडक में<br>नैन मूँद कर लेट गए थे ।<br>कोई बाहर नहीं निकलता ,<br>साँझ समय तक, थप्पड़ खाने गर्म हवा के,<br>संध्या की भी चहल -पहल ओढ़े थी<br>गहरे सूने रंग की चादर ,गर्मी के मौसम में<br>**1. कुत्ते बाथरूम में ठंडक का आनंद क्यों उठा रहे थे?**<br>क) ग्रीष्म ऋतु के कारण (ख) शीत ऋतु के कारण<br>(ग) वर्षा ऋतु के कारण (घ) बसंत ऋतु के कारण<br>**2. बड़े घरों के लोग कब तक घर से बाहर नहीं निकलते?**<br>(क) दोपहर तक (ख) रात तक (ग) सवेरे तक घ) सायंकाल तक<br>**3. 'संध्या की भी चहल पहल ओढ़े थी गहरे सूने रंग की चादर का' क्या आशय है ?**<br>(क) चहल-पहल बढ़ जाना (ख) चहल पहल पर कोई असर न होना<br>(ग) चहल पहल कम हो जाना (घ) इनमें से कोई नहीं<br>**4. नैन मूँदना का क्या अर्थ है ?**<br>क) होश आना (ख) आँखें खोलना ग) आँखें बंद करना (घ) सो जाना<br>**5. प्रस्तुत पद्यांश किस कविता से लिया गया है?**<br>**क**) महादेवी वर्मा। ख) सुभद्रा कुमारी ग) शकुंत माथुर। घ) कोई नहीं | 5 |
| 4 | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो से तीन वाक्य में दीजिए-**<br>क) गाँधी जी ने छगनलाल जोशी को आत्म शुद्धि के लिए उपवास रखने के लिए क्यों कहा ?<br>ख) शाह ने दारा को उत्तरी ईरान का गवर्नर बनाकर क्यों भेजा ?<br>ग) क्या पक्षियों को पिंजरे में बंद करना उचित है अपने विचार बताइए ?<br>घ) गाँधी जी ने धोती और चादर को अपना पहनावा क्यों बना लिया? | 2×4=8 |
| 5 | **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए-:**<br>**मेरी पर्वतीय यात्रा , यदि मैं पंक्षी होता** | 5 |

**ओ.एस.डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, कैथल**

**जुलाई परीक्षा 2024**

**कक्षा : आठवीं**

**विषय : हिंदी**

**SET-B**

**समय: 1 घंटा 10 मिनट** **M.M. : 30**

**सामान्य निर्देश :-**

1. **सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**
2. **प्रश्नों के उत्तर देते समय उत्तर पुस्तिका में प्रश्नों की क्रम संख्या अवश्य लिखें।**
3. **लिखावट सुंदर लिखें।**

| प्रश्न संख्या | प्रश्न | अंक |
|---|---|---|
| 1 | **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उचित विकल्प चुनकर लिखिए**<br>खेलों का हमारे जीवन में विशेष स्थान है। खेलों का संबंध स्वस्थ तन और मन के साथ होता है। खेलों के लिए स्वस्थ मस्तिष्क और साथ-साथ शारीरिक शक्ति का भी होना अनिवार्य है। मस्तिष्क के विकास के लिए जहाँ एक ओर शिक्षा की आवश्यकता होती है, वहीं दूसरी ओर शारीरिक विकास के लिए खेलकूद की ।खेल हमारे तन और मन दोनों का समुचित विकास करते हैं। खेलने से शरीर में चुस्ती-स्फूर्ति बनी रहती है। शरीर का सुंदर गठन होता है। रक्त का संचार पूरे शरीर में ठीक प्रकार से होने लगता है। व्यक्ति को समय पर भूख लगती है। वह जो कुछ खाता है, वह सब पच जाता है। शरीर की सारी क्रियाएँ ठीक प्रकार से चलने के कारण उसका शरीर रोगों से दूर रहता है। खेलों से व्यक्ति का सर्वांगीण विकास होता है। खेलों से मनुष्य में बलिष्ठ शरीर के साथ-साथ क्षमा, दया, स्वाभिमान, आज्ञा-पालन, अनुशासन जैसे उच्च गुणों का भी समावेश होता चला जाता है। खेल सभी को समरसता का पाठ पढ़ाते हैं। मनुष्य हमेशा स्वस्थ, प्रसन्न तथा सक्रिय बना रहे, यही खेलों का उद्देश्य होता है। भाषा, रंग, जातिभेद की सभी सीमाएँ इन्हीं खेलों के कारण टूटती है और मनुष्य समरसता की भावना हृदय में भरकर लंबा जीवन व्यतीत करता है।<br>**1)खेलों का उद्देश्य क्या है ?**<br>**क)**मनुष्य स्वस्थ व निष्क्रिय बना रहे ख) मनुष्य स्वस्थ, प्रसन्न तथा सक्रिय बना रहे<br>ग) मनुष्य अप्रसन्न व अस्वस्थ बना रहे घ) मनुष्य शिक्षित व प्रसन्न बना रहे<br>2)**खेलों से मनुष्य में किस भावना का विकास होता है ?**<br>क)क्षमा व दया ख) सहयोग ग) क और ख दोनों घ) कोई नहीं'<br>3)**खेलों के कारण कौन सी सीमाएँ टूटती हैं** ?<br>क)समरसता की ख) भाषा ,रंग और जातिभेद की<br>ग) देश की घ) जातियों की<br>4)**मानसिक और शारीरिक विकास के लिए आवश्यकता होती है** ?<br>क)शिक्षा की ख) व्यायाम की ग)खेलों की घ) शिक्षा और खेलों की<br>**5)कथन(A)और®कारण को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए ।**<br>**कथन(A): खेलों से व्यक्ति का सर्वांगीण विकास होता है।**<br>**कारण®: भाषा ,रंग ,जाति भेद की सभी सीमाएँ खेलों के कारण टूटती हैं।**<br>**क)**कथन(A) तथा कारण ®दोनों गलत है।<br>ख) कथन (A) गलत है लेकिन कारण ®सही है। | 5 |

| | | |
|---|---|---|
| | ग) कथन(A) तथा कारण ®दोनों सही है।<br>घ) कथन(A) तथा कारण ® दोनों सही है किंतु कारण ® कथन (A)के सही व्याख्या नहीं करता है | |
| 2 | **क)** निम्न शब्दों के विलोम शब्द लिखिए- **आदर, सदुपयोग**<br>**ख)** 'जंगल' शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखें।<br>**ग)** दिए गए मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए – **अपना उल्लू सीधा करना**<br>**घ) मानवीकरण** अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।<br>**ङ)** दिए गए वाक्य में विराम चिह्न का उचित प्रयोग करें - **रामचरितमानस तुलसीदास जी ने लिखी है।**<br>**च)** दिए गए शब्दों में उचित स्थान पर अनुस्वार या अनुनासिक का प्रयोग कीजिए- **आगन , बधन**<br>**छ)** मूल शब्द और प्रत्यय अलग कीजिए- **सजावट** | 1<br>1<br>1<br>1<br>1<br>1<br>1 |
| 3 | **निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्पका चयन कीजिए-**<br>बड़े घरों के स्वान पालतू ,<br>बाथरूम में पानी की हल्की ठंडक में<br>नैन मूँद कर लेट गए थे ।<br>कोई बाहर नहीं निकलता ,<br>साँझ समय तक, थप्पड़ खाने गर्म हवा के,<br>संध्या की भी चहल -पहल ओढ़े थी<br>गहरे सूने रंग की चादर ,गर्मी के मौसम में<br>**1. कुत्ते बाथरूम में ठंडक का आनंद क्यों उठा रहे थे?**<br>क) ग्रीष्म ऋतु के कारण (ख) शीत ऋतु के कारण<br>(ग) वर्षा ऋतु के कारण (घ) बसंत ऋतु के कारण<br>**2. बड़े घरों के लोग कब तक घर से बाहर नहीं निकलते?**<br>(क) दोपहर तक (ख) रात तक (ग) सवेरे तक घ) सायंकाल तक<br>**3. 'संध्या की भी चहल पहल ओढ़े थी गहरे सूने रंग की चादर का' क्या आशय है ?**<br>(क) चहल-पहल बढ़ जाना (ख) चहल पहल पर कोई असर न होना<br>(ग) चहल पहल कम हो जाना (घ) इनमें से कोई नहीं<br>**4. नैन मूँदना का क्या अर्थ है ?**<br>क) होश आना (ख) आँखें खोलना ग) आँखें बंद करना (घ) सो जाना<br>**5. प्रस्तुत पद्यांश किस कविता से लिया गया है?**<br>**क**) महादेवी वर्मा। ख) सुभद्रा कुमारी ग) शकुंत माथुर। घ) कोई नहीं | 5 |
| 4 | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो से तीन वाक्य में दीजिए-**<br>क) गाँधी जी ने छगनलाल जोशी को आत्म शुद्धि के लिए उपवास रखने के लिए क्यों कहा ?<br>ख) शाह ने दारा को उत्तरी ईरान का गवर्नर बनाकर क्यों भेजा ?<br>ग) क्या पक्षियों को पिंजरे में बंद करना उचित है अपने विचार बताइए ?<br>घ) गाँधी जी ने धोती और चादर को अपना पहनावा क्यों बना लिया? | 2×4=8 |
| 5 | **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए-:**<br>**मेरी पर्वतीय यात्रा , यदि मैं पंक्षी होता** | 5 |

ओ. एस. डी.ए.वी.पब्लिक स्कूल, कैथल

जुलाई परीक्षा 2024

विषय हिंदी

कक्षा **आठवीं**

निर्देश- यदि ऐसा कोई सही उत्तर जो परीक्षार्थी ने लिखा है परंतु निम्नलिखित उत्तर संकेत में सम्मिलित न हो तो उसके भी यथासंभव अंक दिए जाएँ।

M.M: 30

| उत्तर. | अपेक्षित मूल्यांकन बिंदु | अंक |
|---|---|---|
| 1. | 1.**ख) मनुष्य स्वस्थ प्रसन्न तथा सक्रिय बना रहे**<br>2.**ग) क और ख दोनों**<br>3.**ख) भाषा रंग और जाति भेद की**<br>4.**घ) शिक्षा और खेलों की**<br>5.**घ) कथन तथा कारण दोनों सही है किंतु कारण कथन की सही व्याख्या नहीं करता है** | 1×5=5 |
| 2. | **क).अनादर , दुरुपयोग**<br>**ख).वन, कानन**<br>**ग)अपना मतलब निकालना + वाक्य (स्वेच्छा से )**<br>**घ) जड़ अथवा अचेतन तत्वों पर मानवीय भावों संबंधों क्रियाकलापों का आरोप करके उन्हें मनुष्य की तरह व्यवहार करता दिखाई जाए, वहाँ मानवीकरण अलंकार होता है।+उदाहरण (स्वेच्छा से)**<br>**ड.) 'रामचरितमानस' तुलसीदास जी ने लिखी है।**<br>**च) आँगन , बंधन**<br>**छ) मूल शब्द- सज, प्रत्यय- आवट** | 1×7=7 |
| 3. | **1.क) ग्रीष्म ऋतु के कारण**<br>**2..घ) सायंकाल तक**<br>**3.ग) चहल-पहल कम हो जाना**<br>**4.. ग) आँखें बंद करना**<br>5.**ग) शकुंत माथुर** | 1×5=5 |
| 4 | **क) गाँधी जी के भतीजे छगनलाल जोशी जो आश्रम में कोठार के मंत्री थे उनसे कोठार के हिसाब में कुछ गड़बड़ी हो गई थी उन्होंने इस सत्य को छुपा कर रखा इसलिए गाँधी जी ने उन्हें आत्म शुद्धि के लिए उपवास रखने के लिए कहा।**<br>**ख) शाह ने दारा को उत्तरी ईरान के प्रांत का गवर्नर बनाकर इसलिए भेजा है क्योंकि वहाँ का शासन बिगड़ चुका था। सरकारी कर्मचारी और अधिकारी भ्रष्ट थे** | 2×4=8 |

| | | |
|---|---|---|
| | अराजकता फैली हुई थी लोग अपनी मनमानी कर रहे थे ।जान और माल सुरक्षित नहीं था।<br>ग) नहीं, पक्षियों को पिंजरे में बंद करना उचित नहीं है क्योंकि उन्हें पिंजरे में बंद कर दिया गया तो भी अपने साथियों के साथ उड़ नहीं पाएंगे, गीत नहीं गा पाएँगे, दाना नहीं चुग पाएँगे । नदी और झरनों का बहता जल नहीं पी पाएंगे ।स्वतंत्र रहना सब का जन्म सिद्ध अधिकार है।<br>घ) गाँधीजी स्वदेशी चीजों को बढ़ावा देना चाहते थे। उस समय भारत में सुई, सिलाई की मशीन तथा कैंची नहीं बनती थी ।गाँधी जी विदेशी सामान का प्रयोग नहीं करना चाहते थे इसीलिए उन्होंने बिना सिला हुआ कपड़ा धोती और चादर अपना पहनावा बना लिया । | |
| 5 | **अनुच्छेद लेखन**<br>• भूमिका<br>• विषय वस्तु<br>• भाषायी शुद्धता | <br>1<br>3<br>1 |

ओ. एस. डी.ए.वी.पब्लिक स्कूल, कैथल

जुलाई परीक्षा 2024

विषय हिंदी

कक्षा **आठवीं**

निर्देश- यदि ऐसा कोई सही उत्तर जो परीक्षार्थी ने लिखा है परंतु निम्नलिखित उत्तर संकेत में सम्मिलित न हो तो उसके भी यथासंभव अंक दिए जाएँ।

M.M: 30

| उत्तर. | अपेक्षित मूल्यांकन बिंदु | अंक |
|---|---|---|
| 1. | 1.**क) जो कर्तव्य का पालन करता है**<br>2.**ख) विनम्रतापूर्वक पहुंच के अनुसार तत्परता से प्रकाश पहुंचाना**<br>3.**घ) क और ग दोनों सही**<br>4.**घ) केवल** A<br>5.**घ) दूसरों को पीड़ित करना अथवा क) दूसरों को कष्ट पहुँचाना** | 1×5=5 |
| 2. | **क). चेतन, अनादर**<br>**ख).खग,विहग , नभचर ...।**<br>**ग) हैरान होना + वाक्य (स्वेच्छा से )**<br>**घ) जहाँ किसी व्यक्ति या वस्तु की किसी अन्य व्यक्ति या वस्तु से समानता के आधार पर तुलना की जाए, वहाँ उपमा अलंकार होता है।+उदाहरण (स्वेच्छा से)** | 1×4=4 |
| 3. | **क)मेरी पुस्तक का नाम 'ज्ञान सागर' है।**<br>**ख) पारंपरिक, पाएँगे**<br>**ग) समझदार, दुकानदार...** | 1×3=3 |
| 4. | **1.ख) शकुंत माथुर**<br>**2..घ) दोपहर के भीषण गर्मी के कारण**<br>**3.ग) चाबुक की मार के बल पर**<br>**4.. क) सड़क के लिए**<br>5.**ख) कमजोर** | 1×5=5 |
| 5. | **क) सदा सत्य बोलना ,अतिथियों का आदर करना, कागज का अपव्यय न करना, पौष्टिक खाना खाना......।**<br>**ख) क्योंकि उस समय सुई, सिलाई की मशीन तथा कैंची भारत में नहीं बनती थी यह सब सामान विदेश से आता था। गाँधी जी विदेशी चीज़े अपनाना नहीं चाहते थे तथा स्वदेशी वस्तुओं के प्रयोग पर बल देते थे।** | 2×4=8 |

| | | |
|---|---|---|
| | ग) शाह दारा की बुद्धिमानी से इतना प्रभावित हुए कि वह दारा के सुझाव के बिना कोई काम नहीं करते थे उसे राजसिंहासन के पास बिठाते थे। एक चरवाहे को दिया गया इतना सम्मान दरबारी सहन नहीं कर सके इसलिए वे दारा से जलते थे।<br>घ) वे उड़ते उड़ते आसमान की सीमा को छूना चाहते थे। नदी और झरनों का बहता पानी पीना चाहते थे , तारे रुपी अनार के दाने चुगना चाहते थे, जंगलों में मिले नीम के कड़वे फल खाना चाहते थे ,पेड़ की ऊँची डाली पर झूला झूलना चाहते थे। | |
| 6. | **अनुच्छेद लेखन**<br>• भूमिका<br>• विषय वस्तु<br>• भाषायी शुद्धता | <br><br>1<br>3<br>1 |